हरिभूमि
# सीहोर भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, शुक्रवार 19 सितंबर 2025

04 महिलाएं बोलीं: गांव में सस्ते दामों में अवैध कच्ची शराब...

07 सर्वे के नाम पर कर रहे गुमराह, पांच बार सर्वे ...




## खबर संक्षेप

### न्यायालयीन प्रकरण की पंजी संधारण करने के निर्देश

**सीहोर।** सिविल न्यायालय, उच्च न्यायालय एवं उच्चतम न्यायालयो में राज्य शासन के विरुद्ध या राज्य शासन द्वारा सिविलवाद, अपील, पिटीशन, एसएलपी प्रस्तुत की जाती है। अपर कलेक्टर वृंदावन सिंह ने सभी संबंधित अधिकारियों को निर्देश दिये है कि वो अपने कार्यालय में प्रकरणों के संबंध में न्यायालयीन पंजी संधारित की जाये। पंजी के अतिरिक्त प्रकरण से संबंधित नस्ती पृथक से संधारित की जाये। नस्ती मे वादपत्र, आवेदन पत्र, पिटीशन, अपील मेमो की प्रति जवाब दावा, दस्तावेज, निर्णय एवं आदेश की नकल आदि दस्तावेज रखे जाये। उन्होंनें कहा कि कार्यालय मे अभिलेखो के संधारण के लिए एक लिपिक को प्रभार में दिया जाये। जब भी अधिकारी का स्थानांतरण पर कार्यभार ग्रहण करे तो यह पंजी का अवश्य ही अवलोकन करे एवं भविष्य मे स्थानांतरण पर पंजी का प्रभार देकर ही भारमुक्त किया जाये। पंजी एवं नस्तियो के संधारण की जानकारी 30 सितंबर,2025 तक प्रभारी अधिकारी कलेक्ट्रेट को आवश्यक रूप से उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। ताकि प्रत्येक टीएल बैठक मे समीक्षा की जावे।

### 4 साल के मासूम की घूड़े में गिरने से हुई मौत



**जावर।** जावर तहसील के ग्राम गुराड़िया वर्मा में घुड़े मे गिरने से 4 साल के मासूम उमेश पिता दीपक विश्वकर्मा की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार बच्चा लकड़ी पर झूलते हुवे खेल रहा था और अचानक लकड़ी टूट जाने से घुड़े मे जा गिरा जिस कारण उसकी मृत्यु हो गई। जावर थाना प्रभारी नीता देअरवाल को जानकारी मिलते ही अपनी पुलिस टीम के साथ मौके पर पहुंच मृत बच्चे को निकाला। बताया गया कि गड्ढे में बारिश का पानी भी भर गया था। जानकारी अनुसार माता पिता मजदूरी करते थै। 2 बच्चे थै और जिस समय बच्चा गिरा माता पिता घर के काम मे व्यस्त थे

### पिछले 24 घंटे में 14.4 एमएम बारिश दर्ज

**सीहोर।** जिले में बीते24 घंटे में सुबह 8 बजे तक 14.4 मिलीमीटर औसत वर्षा दर्ज की गई। वर्षामापी केंद्र सीहोर में 6.2, मिलीमीटर, श्यामपुर में 6.2, आष्टा में 21.0, जावर में 65.4, इछावर में 7.0, भैरूंदा में 7.0, बुधनी में 0.0, रेहटी में 2.6 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गई है।

---

### कांग्रेस ने चांदबड़ से श्यामपुर तक किसानों की समस्याओं को लेकर निकाली न्याय पदयात्रा, सौंपा ज्ञापन

# महंगी बिजली और किसानों की समस्याओं के लिए कांग्रेस ने किया 16 किमी तक कदमताल

**यात्रा में बड़ी संख्या में किसान और कांग्रेस कार्यकर्ता शामिल हुए, कांग्रेस नेता बोले भाजपा कर रही वादा खिलाफी**

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर



केंद्र और प्रदेश की भारतीय जनता पार्टी की जनविरोधी नीतियाँ आज आम जनता बहुत परेशान हैं किसान 3 कर्ज के तले दबा जा रहा है उसे अपने फसल के दाम नहीं मिल रहे हैं आमजन और किसान की समस्याओं को उठाने के लिए आज जिला कांग्रेस कमेटी सीहोर में जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती के नेत्रत्व में चांदवड़ से श्यामपुर तक 16 किलोमीटर की आमजन किसान न्याय पदयात्रा निकली इस पदयात्रा में बड़ी संख्या में कांग्रेस कार्यकर्ता नेतागण और किसान शामिल हुए चाँदबाद से प्रारम्भ हुई आमजन किसान न्याय पदयात्रा का खजूरिया खंडवा मुंजखेड़ा निवारीया जोड पर जोरदार स्वागत हुआ यात्रा में अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के सचिव कुणाल चौधरी प्रदेश कांग्रेस महासचिव शैलेन्द्र पटेल किसान कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान प्रदेश कांग्रेस महासचिव सीहोर जिले की प्रभारी जय श्री हरि करण सह प्रभारी दिनेश मेघानी शामिल हुए।इस अवसर पर श्यामपुर बस स्टैंड पर एक नुक्कड़ सभा का आयोजन किया गया जिसमें बड़ी संख्या में आम नागरिक और किसान शामिल हुए, इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए पूर्व विधायक कुणाल चौधरी ने कहा कि वादा तो किसानों की आय दोगुणी करने का हुआ था लेकिन आज लगत लोग नहीं हो गए किसानों को 6000 सोयाबीन मिलाना चाहिए भारतीय जनता पार्टी की सरकार में पूरा तंत्र आज भ्रष्टाचार मैं लगा है आने वाले समय में जनता इनको जवाब देगी पूर्व विधायक शैलेन्द्र पटेल ने कहा कि 28 करोड़ की लगत से बनी यह सड़क 28 महीने भी नहीं टिक साकी इसमें हुए भ्रष्टाचार पर कार्यवाही होनी चाहिए और किसानों की मांग पूरी होनी चाहिए प्रदेश किसान कांग्रेस के अध्यक्ष धर्मेंद्र चौहान ने कहा कि आज खाद की कमी से शुद्ध प्रदेश का किसान परेशान है सोयाबीन के दाम नहीं मिल रहे और किसानों पर झूठे बिजली के प्रकार सरकार बनवा राही है यदी सरकार नहीं जागी तो कांग्रेस शुद्ध प्रदेश में ईटी बजा देगी जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने अपने संबोधन में कहा कि आज गांव और हर नगर की जनता अनाप-शनाप बिजली बिलों से परेशान है अधिकारी जनता से दूर व्यवहार करते हैं बिजली विभाग को अपनी कर गुजारियो से बाहर आकार आमजनता को बिजली बिलो से राहत प्रदान करनी चाहिए किसानों को सोयाबीन का दाम ₹6000 मिलना चाहिए और उन्हें पर्याप्त भीम राशि मिलाना चाहिए। इस अवसर पर पद यात्रा करने वालो मे वरिष्ठ कांग्रेस नेता ओम वर्मा, ब्लॉक अध्यक्ष रामनारायण शर्मा, मांगीलाल जाट, राजाराम बड़े भाई, रघुवीर सिंह दागी, राकेश वर्मा, सुनील दुबे,प्रीतम चौरसिया, गुलाब बाई ठाकुर, ममता कीर, भूरा यादव, निशांत वर्मा, विवेक राठौर,अरविंद चौहान,घनश्याम यादव, जितेंद्र सोभाखेड़ी, मनोज परमार घनश्याम मीणा बलवान पटेल,इलियास बिट्टी, अशोक भाटी, महेश मुंडीखेड़ी, जगदीश चौहान, देवेंद्र चौधरी, राकेश वर्मा, हर्षदीप राठौर, के के रिछारिया, भगत सिंह तोमर, कमलेश टांडा के मस्जिद अंसारी, आसिफ अंसारी,देवीसिंह तवंर आदि शामिल थे।


#### इन मांगों को लेकर निकाली जा रही पदयात्रा

जिला कांग्रेस अध्यक्ष राजीव गुजराती ने बताया कि यह पदयात्रा किसानों की लगातार उपेक्षा और जनता की परेशानियों को उजागर करने के लिए निकाली जा रही है। स्मार्ट मीटर के कारण बिजली बिलों में गड़बड़ी हो रही है और उपभोक्ताओं को गलत नोटिस थमाए जा रहे हैं। बिजली दरें बेतहाशा बढ़ाई गई हैं, जिससे किसानों और आम लोगों पर आर्थिक बोझ बढ़ा है। 28 करोड़ की लागत से बनी श्यामपुर रोड पूरी तरह खराब हो चुकी है। गड्ढों के कारण आए दिन हादसे हो रहे हैं। श्यामपुर ओवरब्रिज के दोनों ओर की सड़कों की हालत खराब है। इसकी मरम्मत और दोषी ठेकेदारों पर कार्रवाई की मांग की गई है। हाल ही में किसानों को जो फसल बीमा राशि दी गई है, वह बीमा प्रीमियम से भी कम है। कहीं-कहीं किसानों को एक पैसा भी नहीं मिला। खराब हुई सोयाबीन की फसल का सर्वे कराकर उचित मुआवजा दिया जाए और सोयाबीन का समर्थन मूल्य ₹6000 प्रति क्विंटल तय किया जाए। 1 सितंबर को कांग्रेस कार्यालय में पुलिस की मौजूदगी में हुई घटना में एकतरफा कार्रवाई की गई। इसमें भाजपा नेताओं पर भी **FIR** दर्ज की जाए। ग्राम पंचायतों में हो रहे भ्रष्टाचार पर लगाम लगे और दोषियों पर कार्रवाई की जाए। मतदाता सूची का शुद्धिकरण किया जाए और निष्पक्ष चुनाव आयोग की व्यवस्था हो।

---


## कोतवाली से 300 मीटर दूर मंदिर व दुकानों में चोरी सीहोर में तिजोरी तोड़कर नकदी ले गए बदमाश

**सीहोर।** मुख्यालय पर चोरों ने पुलिस को खुली चुनौती देते हुए एक साथ कई चोरियों को अंजाम दिया है। शहर के सबसे व्यस्त पुराने बस स्टैंड इलाके में हनुमान मंदिर सहित कई दुकानों के ताले तोड़े गए। यह वारदात कोतवाली थाने से मात्र 300 मीटर की दूरी पर स्थित 'पुलिस पॉइंट' के पास हुई है।यह घटना बुधवार और गुरुवार की दरमियानी रात को हुई।




चोरों ने हनुमान मंदिर की तिजोरी तोड़कर उसमें रखी नकदी चुरा ली। इसके अलावा, पुराने बस स्टैंड चौराहे पर टेलर और सब्जी की दुकानों समेत कई प्रतिष्ठानों के भी ताले तोड़े गए। इस वारदात ने स्थानीय लोगों और श्रद्धालुओं में भारी आक्रोश पैदा कर दिया है। कोतवाली के इतने करीब और 24 घंटे चहल-पहल वाले क्षेत्र में हुई इस चोरी ने पुलिस की सुरक्षा व्यवस्था पर गंभीर सवाल खड़े कर दिए हैं। उल्लेखनीय है कि इससे पहले भी शहर की एक कॉलोनी में लाखों रुपए की चोरी हुई थी, और ग्राम सिराडी में भी दो मकानों में चोरी की घटनाएं सामने आई थीं। इन सभी मामलों में पुलिस अभी तक आरोपियों को गिरफ्तार करने में नाकाम रही है।

### सत्संग की कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाएगी:अंतरराष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा



**सीहोर।** समस्या कोई भी आए, किसी को नहीं बताना, सिर्फ शिव के मंदिर जाना, शिव को बेलपत्र, एक लोटा जल चढ़ाकर शिव को बताना और कहना हे भोलेनाथ, मेरे को यह समस्या आई है। समस्या कितनी भी विकट हो, इससे मुक्ति दिलाना। आपकी सारी समस्या का समाधान होगा। शिवकृपा आती है तब हमें जीवन का कोई न कोई सुख प्राप्त होता है। शिव की कृपा उदारता आप और हम पर हुई है। सत्संग की कमाई कभी व्यर्थ नहीं जाएगी। सत्संग की पूंजी कभी समाप्त नहीं होगी। अपने जीवन को आनंद से जियो न कि किसी की बुराई करके। कोई कितनी भी गालियां दे, मुंह पर कपड़ा रख चुपचाप निकल जाएं। गालियां देने वाले को कर्म फल मिलेगा। उक्त विचार जिला मुख्यालय के समीपस्थ प्रसिद्ध कुबेरेश्वरधाम पर जारी आन लाइन पांच दिवसीय शिव महापुराण के दूसरे दिन अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक पंडित प्रदीप मिश्रा ने कहे। उन्होंने कहाकि आगामी दिनों में कुबेरेश्वरधाम पर आध्यात्मिक कॉरिडोर बनाया जाएगा। इसके लिए तैयारियां चल रही है, बताया कि कारिडोर में तुमुरुका शिव महापुराण के कथावाचक हैं, जिन्होंने चंचुला को यह कथा सुनाई थी, उनके बारे में जानकारी दी जाएगी। उन्होंने कहाकि व्यक्ति मृत्यु के समय भगवान नाम का उच्चारण करने मात्र से व्यक्ति जन्म मरण के चक्कर से मुक्त हो जाता है। अजामिल ने जीवन भर पाप कर्म किए, लेकिन मरते मरते उसने भगवान का नाम बोला, जिससे उसकी मुक्ति हो गई, इसलिए व्यक्ति को परमात्मा नाम का जप करते रहना चाहिए। ऐसे पापी व्यक्ति केवल भगवान के पवित्र नाम के जप मात्र से उनका ध्यान आकर्षित कर सकते हैं। मृत्यु के समय अजामिल ने असहाय होकर भगवान के पवित्र नाम का जाप किया। केवल उस जाप ने ही उसे समस्त पाप कर्मों से मुक्त कर दिया था। पंडित श्री मिश्रा ने कहाकि अजामिल धार्मिक था, क्षेत्र में एक वेश्या के फेरे में आकर उसने अपना जीवन बर्बाद कर लिया, लेकिन अंत समय में भगवान के नाम का स्मरण करने से उसके जीवन का कल्याण हो गया।

---

## अज्ञात वाहन ने 3 गोवंश को कुचला दो की मौत, एक घायल

**ग्रामीणों का आरोप तेज़ रफ़्तार रेत के वाहन से दुर्घटना, एक माह में 30 गोवंश की सड़क हादसे में मौत**

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा



सीहोर-भैरूंदा मार्ग पर गुरुवार की सुबह करीब 5 बजे गांव छिदगांव मोजी में एक तेज़ रफ्तार अज्ञात वाहन ने तीन गोवंश को कुचल दिया। इससे दो की मौत हो गई, जबकि एक घायल हुई। ग्रामीणों ने घायल गोवंश का इलाज कराया। ग्रामीणों ने कहा गांव कोई भी गोशाला नहीं है। इस कारण गोवंश सड़क पर बैठ रहे हैं, जिससे आए दिन हादसे हो रहे हैं।

छिदगांव मोजी के स्थानीय लोगों ने बताया कि गुरुवार को सुबह करीब 5 बजे के आस पास सड़क पर बैठीं गायों को तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने रौंद दिया। जिससे तीन गायों की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक गाय घयल हो गई। मृतक गायों को दफन कर दिया गया। घायल गाय का उपचार कराया जा रहा है। स्थानीय लोगों का कहना है कि गायों का झुंड प्रतिदिन सड़क पर बैठता है, रेत के वाहनों की रफ्तार से आए दिनों गोवंश की मौत हो रही है। जिससे कई बार बाइक सवार गायों से टकरा जाते हैं और लोगों की जान भी जा चुकी है।

उनका आरोप है कि प्रशासन द्वारा गोवंश के संरक्षण की कोई व्यवस्था नहीं की जा रही, जिससे सड़क हादसे लगातार हो रहे हैं। प्रशासन से मांग है गावों में स्पीड ब्रेकर बनाए जाए। ताकि गांव के छोटे बच्चे और गोवंश सड़क हादसों का शिकार न हो।

**सड़क पर गौवंश, दुर्घटनाओं का हो रही शिकार, राहगीर भी परेशान :** ग्रामीणों ने बताया वर्तमान समय मे गौवंश सबसे बुरी दशा से होकर गुजर रहा है। भूख के कारण कही भी गाये पालीथिन खाती देखी जा सकती है या चौक चौराहों पर झुंड में देखी जा सकती है। जिससे वाहनों की तेज़ गति से सड़क दुर्घटना में मौत का शिकार हो रही है। वहीं गांवो से भगाया हुआ गौवंश का झुंड सड़को को अपना ठिकाना बनाये हुए है। छिदगांव मोजी में एक महीने में करीबन 25 से 30 गोवंश सड़क दुर्घटना का शिकार हुई हैं। रात के अंधेरे में तेज़ गति से चलने वाले रेत के वाहनों से दुर्घटना से गौवंश की मौत हो रही है। वहीं राहगीर भी हादसों का शिकार हो रहे है। प्रशासन से गोवंश की सुरक्षा व्यवस्था के इंतजाम करने ओर गांव में स्पीड ब्रेकर बनाने की मांग है। अगर हमारी मांगे पूरी नहीं होती है तो आगामी समय में सड़क पर धरना प्रदर्शन कर चक्काजाम करेंगे।

---

### 130 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित

# दिव्यांगजनों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में अवसर देने सरकार कर रही काम : नारायण सिंह कुशवाह

हरिभूमि न्यूज ⏭ सीहोर

दिव्यांगजनों में असीम क्षमता और अद्भुत प्रतिभा होती है। उनकी प्रतिभा, योग्यता को पहचाने, उसे तरासने और अवसर उपलब्ध कराने की जरूरत होती है। अपनी प्रतिभा के दम पर देश-प्रदेश के कई दिव्यांगजनों ने खेल और कई रचनात्मक गतिविधियों में प्रदेश और देश का नाम रोशन किया है।

यह बात प्रदेश के सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान में सेवा पखवाड़ा के तहत आयोजित सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम में कही। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी एवं मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव पूरी संवेदशीलाता के साथ दिव्यांगजनों के कल्याण और उत्थान के लिये निरन्तर काम कर रहे हैं।




उन्होंने कहा कि दिव्यांगजनों को रोजगार, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में समान अवसर प्रदान करना सरकार का एक महत्वपूर्ण उद्देश्य है। मंत्री श्री कुशवाह ने बताया कि मध्यप्रदेश 18 वर्ष तक की आयु समस्त बच्चों में दिव्यांगता की त्वरित पहचान के लिये सभी जिला स्तरीय स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन किया जा रहा है। स्क्रीनिंग शिविरों का आयोजन 14 नवंबर तक किया जायेगा, तथा दो माह सभी संभावित दिव्यांग बच्चों की स्क्रीनिंग सुनिश्चित की जाएगी। दिव्यांगता का जल्दी पता चलने पर बच्चे के तुरंत समुचित उपचार एवं आवश्यक व्यवस्था की जायेगी। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के जन्म दिवस के अवसर पर प्रदेश में सेवा पखवाड़ा सुरू किया गया है। इस पखवाड़े के तहत आयोजित स्वास्थ्य परीक्षण शिविर में सभी महिलाओं की जांच एवं उपचार निःशुल्क किया जायेगा।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री श्री मोदी के सशक्त भारत और समृद्ध भारत के सपने को साकर करने के लिये सभी को सशक्त बनाना आवश्यक है। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण मंत्री नारायण सिंह कुशवाह ने 130 दिव्यांगजनों को सहायक उपकरण वितरित किये। इन उपकरणों में व्हील चेयर, बैशाखी, ईयर मशीन, स्टिक आदि शामिल है। सहायक उपकरण वितरण कार्यक्रम के पश्चात मंत्री कुशवाह ने बैठक आयोजित कर संस्थान की गतिविधियों के बारे में विस्तार से जानकारी ली। कार्यक्रम में सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग की प्रमुख सचिव सोनाली वायंगणकर तथा राष्ट्रीय मानसिक स्वास्थ्य एवं पुनर्वास संस्थान के संचालक डॉ अखिलेश कुमार शुक्ला उपस्थित थे।


---

### खाटू श्याम मंदिर में गोविंद नेत्रालय ने लगाया निशुल्क नेत्र शिविर



**सीहोर।** गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर की ओर से खाटू श्याम मंदिर, सीहोर में निशुल्क नेत्र शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का संचालन प्रसिद्ध नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ. जितेंद्र मंघानी द्वारा किया गया। शिविर में दूर-दराज़ से आए श्रद्धालुओं और मरीजों की निशुल्क नेत्र जांच की गई। कई मरीजों को आंखों की दवाइयाँ वितरित की गईं तथा मोतियाबिंद सहित अन्य नेत्र रोगों के बारे में आवश्यक परामर्श भी प्रदान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में लोग उपस्थित रहे और निःशुल्क सेवा का लाभ उठाया। गोविंद नेत्रालय एवं गोविंद फर्टिलिटी सेंटर की पूरी टीम ने मिलकर सेवाभाव से भागवत भक्तों की देखभाल की। डॉ. मंघानी ने कहा कि ग्रामीण और धार्मिक स्थलों पर इस प्रकार के शिविर आयोजित करने का उद्देश्य अधिक से अधिक जरूरतमंदों तक स्वास्थ्य सेवाएँ पहुँचाना है। यह शिविर न केवल मरीजों के लिए लाभकारी सिद्ध हुआ बल्कि इसमें सेवाभाव और सामाजिक उत्तरदायित्व का भी सुंदर संदेश मिला।

## खबर संक्षेप



### नवरात्र को लेकर एसडीएम ने किया निरीक्षण

**बुधनी।** नवरात्रि पर्व को दृष्टिगत रखते हुए एसडीएम डीएस तोमर ने राष्ट्रीय राजमार्ग के अधिकारियों के साथ सलकनपुर धाम जाने वाले सड़क का निरीक्षण किया जिससे श्रद्धालुओं को नवरात्रि के दौरान किसी तरह की परेशानियों का सामना नहीं करना पड़े निरीक्षण के दौरान एसडीएम ने संबंधित विभाग के अधिकारियों और ठेकेदार के प्रतिनिधियों को सड़क दुरुस्त रखने के निर्देश दिए इस मौके पर एसडीओपी रवि शर्मा, राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण की एसडीओ नीतू पटेल, शेपर्स कंस्ट्रक्शन लिमिटेड के प्रोजेक्ट मैनेजर कमल सिंह चौहान शहित अधिकारी कर्मचारी उपस्थित रहे।

### 30 दिवसीय निशुल्क टैली प्रशिक्षण का समापन

**सीहोर।** स्वामी विवेकानंद कैरियर मार्गदर्शन प्रकोष्ठ, प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस चंद्रशेखर आज़ाद शासकीय स्नातकोत्तर लीड कॉलेज, एवं उच्च शिक्षा विभाग, के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित अल्पावधि रोजगारोन्मुख प्रशिक्षण कार्यक्रम के अंतर्गत 30 दिवसीय निशुल्क टैली प्रशिक्षण कार्यक्रम का समापन किया गया। प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस के प्राचार्य डॉ. रोहिताश्व कुमार शर्मा ने प्रशिक्षण में विद्यार्थियों को टैली सॉफ्टवेयर की बारीकियों से अवगत कराया गया।

### अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने खोला मोर्चा, एसडीएम समेत थाना प्रभारी को सौंपा ज्ञापन, कार्रवाई करने की मांग

# महिलाएं बोलीं: गांव में सस्ते दामों में अवैध कच्ची शराब बिकने से युवाओं का जीवन हो रहा है बर्बाद

थाना प्रभारी ने महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा जो भी व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शराब और पादक पदार्थ की बिक्री करते हुए दिखे पुलिस को सूचना दे उन लोगों पर कार्रवाई करेंगे।

हरिभूमि न्यूज ⏭ भैरुंदा






तहसील में अवैध शराब के खिलाफ महिलाओं ने मोर्चा खोल दिया है। बुधवार को ग्राम पंचायत गिल्लौर, नयागांव, सहित आस पास के गांवों की सैकड़ों महिलाओं ने नशे के खिलाफ मुहिम छेड़ दी। पड़ते पानी में भीगती हुई सैकड़ों की संख्या में महिलाएं ट्रैक्टर से एसडीएम कार्यालय पहुंची। एसडीएम सुधीर कुशवाहा को ज्ञापन सौंपकर गावों में अवैध शराब ,मादक पदार्थ बिक्री पर प्रतिबंध की गुहार लगाई। एसडीएम सुधीर कुशवाहा नेमहिलाओं को आश्वासन देते हुएं पुलिस प्रशासन को तत्काल निर्देशित कर कार्रवाई करने आदेश देने की बात कही।

### तहसील कार्यालय से पैदल चलकर महिलाएं थाने में पहुंची

थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी को शिकायती पत्र सौंपा गया। इस दौरान महिलाओं ने बताया कि ग्राम पंचायत गिल्लौर, नयागांव सहित आप पास के गांवों में अवैध शराब और मादक पदार्थों की बिक्री हो रही है। उनके घर परिवार पर बुरा प्रभाव पड़ रहा। घर के लोग सुबह से ही शराब का सेवन कर लेते। दिनभर नशे में धुत रहते और कोई भी काम नहीं करते। पैसा नहीं होने पर राशन पानी सहित गृहस्थी का सामान बेच देते। जिससे पूरा परिवार परेशान रहता है। गांव में लड़ाई झगड़े होते रहते। जिससे गांव की शांति व्यवस्था भी भंग होती रहती। शराबखोरी के कारण कई परिवार पर आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। वहीं थाना प्रभारी घनश्याम सिंह दांगी ने महिलाओं से बातचीत करते हुए कहा जो भी व्यक्तियों द्वारा अवैध रूप से शराब और पादक पदार्थ की बिक्री करते हुए दिखे पुलिस को सूचना दे उन लोगों पर कार्रवाई करेंगे।

### गांव में खुलेआम बिक रही अवैध कच्ची शराब, विरोध में उतरी महिलाएं

गावों में खुलेआम अवैध रूप शराब बिक्री के विरोध में महिलाओं ने एसडीएम और थाना प्रभारी को शिकायती पत्र सौंपा गया। गावों में खुलेआम बिक रही देशी शराब मादक पदार्थ बंद कराने की गुहार लगाई। इस दौरान महिलाओं के साथ ग्राम पंचायत गिल्लौर के सरपंच तुलसीराम धुर्वे पूर्व सरपंच विनोद कंगाली, सचिव संतोष मालवीय सहित बड़ी संख्या में मातृशक्तिया शामिल थी महिलाओं ने बताया कि ग्राम गिल्लौर, नयागांव सहित आस पास के गांवों में अंग्रेजी एवं महुआ शराब की बिक्री खुलेआम की जा रही है। शराब की अवैध बिक्री से गांव का माहौल खराब हो रहा है। महिलाओं का घर से निकलना दूभर हो गया है। बाहर के कुछ लोगों के द्वारा शराब बेचने वालों के घर में कच्छी शराब की खेप पहुंचाई जा रही है। महिलाओं ने बताया की अवैध शराब की बिक्री से गांवों का माहौल खराब हो रहा है। शाम होते ही गांव के चौक-चौराहों पर शराबियों का जमावड़ा लग जाता है। शराब पीने वाले लोग सार्वजनिक स्थान एवं स्कूल परिसर की जगह को भी नहीं छोड़ रहे हैं। स्कूल जाकर शराब पीने से स्कूल में पढ़ रहे बच्चों के मानसिक स्थिति पर प्रभाव पड़ रहा है। इसके अलावा अब युवाओं के साथ-साथ भी किशोर वर्ग के भी नशे का आदी हो रहे हैं। गांव में खुलेआम शराब बेचे जाने से बच्चों पर भी गलत असर पड़ने लगा है।

### नशा मुक्ति अभियान से प्रेरित महिलाएं पहुंची थाने: थाना प्रभारी



नशे की समस्या से परेशान महिलाओं ने नशा मुक्त अभियान से प्रेरित होकर ज्ञापन सौंपा गया और अपने गांवों को शराब मुक्त बनाने का आग्रह किया है। महिलाएं शराबबंदी मादक पदार्थ मिट मांस मछली के माध्यम से अपने परिवार और समाज में खुशहाली लाने की मांग कर रही हैं, जिससे घरों में हो रहे कलह और बच्चों पर पड़ रहे बुरे असर को रोकने मादक पदार्थों के सेवन और अवैध बिक्री को खत्म करने की मांग की है। अवैध शराब व मादक पदार्थ बेचने वालों पर कार्रवाई करेंगे। गांवों को नशा मुक्त बनाएंगे।

### प्रतिबंध लगाने दिए हैं निर्देश

ग्राम पंचायत गिल्लौर,नयागांव सहित आस पास के गांवों की महिलाएं ,पुरुष ने शराब बंदी को लेकर ज्ञापन सौंपा गया, सभी को आश्वासन दिया गया, अवैध शराब की बिक्री पर प्रतिबंध लगाने थाना प्रभारी को तत्काल कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

**सुधीर कुशवाह,** एसडीएम भैरुंदा

### पुलिस जल्द करेगी कार्रवाई

ग्राम पंचायत सरपंच के द्वारा अवैध रूप से शराब बेचने वालों को कई बार समझाने के बावजूद नहीं मान रहे हैं। वहीं ग्राम पंचायत ने गांव में शराब बंद कराने को लेकर पंचायत प्रस्ताव भी किया गया है। ग्राम पंचायत में खुलेआम मादक पदार्थ व अवैध शराब बेची जा रही है। इसकी शिकायत पुलिस में की गई है, पुलिस ने जल्द ही कार्रवाई करने की बात कही।

**तुलसीराम धुर्वे,** सरपंच, ग्राम पंचायत गिल्लौर

# पैदल यात्रियों को करना पड़ेगा यातना भरा सफर, नवरात्रि शुरू होने में 4 दिन रहे बाकी, सड़क निर्माण अधूरा



**रेहटी।** शारदीय नवरात्रि 22 सितंबर से प्रारंभ हो रही है परंपरागत रूप से इधर बड़ी संख्या में श्रद्धालु बुधनी विधानसभा के रेहटी तहसील स्थित मां बिजासन देवी मंदिर सलकनपुर तक लगभग सैकडो किलोमीटर लंबी पैदल यात्रा करते हैं। यह स्वास्थ्य यात्रा में महिलाएं पुरुष बुजुर्ग और उनका श्रद्धालु सम्मिलित होते हैं इस बार यात्रा मार्ग श्रद्धालुओं के लिए चुनौती पूर्ण साबित हो सकता है कारण है यह है की बुधनी से सलकनपुर, भेरूंदा से सलकनपुर तक की सड़क का निर्माण कार्य अधूरा जगह-जगह खुदाई और अधूरा कार्य होने से मार्ग पर धूल मिट्टी और कंकड़ों का ढेर जमा है।

पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालु को पैर में कंकर चुभना, धूल से सांस लेने में तकलीफ और थकान जैसी समस्याओं का सामना करना पड़ सकता है। श्रद्धालुओं का कहना है कि नवरात्रि में प्रशासन को पूर्ण रूप से इस मार्ग को समुचित व्यवस्थित करना चाहिए था किंतु निर्माण कंपनी समय पर पूरा न होने से परेशानी और बढ़ गई है श्रद्धालुओं की संख्या शहर दलसाल बढ़ती जाती है और लाखों श्रद्धालु सलकनपुर दर्शन के लिए पहुंचते हैं कैसे में पैदल यात्रा करने वाले श्रद्धालुओं के साथ बहनों से आने वाले यात्रियों को भी दिक्कत का सामना करना पड़ा सकता है स्थानीय लोगों और पर श्रद्धालुओं में प्रशासन से अनुरोध किया है कि नवरात्रि के पूर्व यह काम काम से कम यात्रा के दौरान धूल काम करने और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए आए स्थाई इंतजाम किया जाए चिकित्सा और पानी जैसी मूलभूत सुविधाएं भी श्रद्धालुओं के लिए उपलब्ध कराई जाए ताकि श्रद्धालुओं को कोई परेशानी ना हो।

# नवरात्रि के दौरान मांस की दुकान बंद रखने सौंपा ज्ञापन



**बुधनी।** नवरात्रि पर्व के दौरान मांस की दुकानों को बंद रखने के लिए विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल ने एसडीएम डीएस तोमर को ज्ञापन सौंपा।ज्ञापन में उल्लेख किया गया है कि नवरात्रि में राजधानी भोपाल, बकतरा,नर्मदापुरम आदि जिले से श्रद्धालु सलकनपुर धाम पहुंचते हैं पर्व के दौरान मांस की दुकानों को बंद रखा जावे वही नगर में भारी वाहनों के प्रवेश पर प्रतिबंध रहे जिससे श्रद्धालुओं को किसी भी प्रकार की परेशानी का सामना ना करना पड़े ज्ञापन सौंपने वालों में जिला संगठन मंत्री धर्मेंद्र नागर, जिला प्रचार प्रमुख पीयूष दुबे,जिला सुरक्षा प्रमुख राहुल राजपूत,जिला बल उपासना प्रमुख लालू यादव,प्रखंड समरसता प्रमुख पप्पू सोनी, प्रखंड संयोजक सुवेंद्र सिंह राजपूत,प्रखंड अध्यक्ष भानु यादव, नगर संयोजक विवेक सिंह राजपूत,नगर सहसंयोजक सुरेंद्र राजपूत, अमित राजपूत,जितेंद्र यादव, शिवम गुर्जर, दीपांशु चौहान, सचिन मेहरा, राहुल काजले, सूरज कुमार, सोनू कुमरे, अभिषेक दरबार, ज्ञानेंद्र कुमार, उधम सिंह, बृजेश राजपूत, जितेंद्र यादव, राजा, शांतनु मालवीय, मूलचंद चौहान, सतीश मंनरी,नरेश शर्मा,सुरेंद्र सिंह, रविंद्र कुमार, सुरेंद्र, सुरेश, राठौड़, मोहित पंसारी, बाबा ठाकुर आदि उपस्थित रहे।

# अग्रवाल पंचायती भवन में अग्रसेन जयंती महोत्सव का शुभारंभ, समाजवाद और सद्भावना का अनूठा संगम



**सीहोर।** शहर के बड़ा बाजार स्थित अग्रवाल पंचायती भवन में महाराजा अग्रसेन जयंती महोत्सव का भव्य शुभारंभ मंगलवार से हो गया है। इस चार दिवसीय समारोह का उद्घाटन भवन की अध्यक्ष रुक्मणी रोहिला और अग्रवाल महिला मंडल की सभी वरिष्ठ सदस्यों द्वारा दीप प्रज्वलित कर किया गया। इस उत्सव का आरंभ महिलाओं के लिए लकी गेम्स और बच्चों के लिए प्रतियोगिताओं के साथ हुआ, जो हर्षोल्लास और आनंद से भरा रहा। यह महोत्सव आगामी 22 तारीख को अग्रसेन जयंती के मुख्य पर्व के रूप में बड़े धूमधाम से मनाया जाएगा, जिसमें समाजवाद, एकता और सामाजिक सद्भावना के मूल्यों का प्रदर्शन किया जाएगा।

मंगलवार को महिलाओं के लिए लक्की गेम प्रतियोगिता के अलावा रात्रि को पूजा की थाली सजाओ प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। इस मौके पर बड़ी संख्या में समाजजन उपस्थित थे। वहीं बुधवार को रात्रि साढ़े सात बजे से साढ़े आठ बजे तक लक्की गेम प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। इस संबंध में जानकारी देते हुए समाज के मीडिया प्रभारी पवन गुप्ता और अग्रवाल महिला मंडल की सचिव मोहिन अग्रवाल ने बताया कि मर्यादा पुरुषोत्तम भगवान श्री रामचन्द्र जी के वंशज, अग्रकुल प्रवर्तक व समाजवाद के प्रणेता श्री श्री 1008 महाराजाधिराज अग्रसेन जी की 5249 वीं जयंती महोत्सव मंगलवार से 22 सितम्बर सोमवार तक अत्यंत उत्साह एवं उल्लास के साथ मनाया जाएगा।

समस्त अग्रबन्धुओं से अनुरोध है कि इस शुभ अवसर पर आयोजित समस्त कार्यक्रमों में सपरिवार उपस्थित होकर महोत्सव को भव्यता एवं अग्रवंश की गरिमा को अभिवृद्धि प्रदान कर अग्र एकता का परिचय दें। अग्रवाल समाज प्रबंध समिति-अध्यक्ष राजकुमार गुप्ता, उपाध्यक्ष कमलेश अग्रवाल, सचिव राजा अग्रवाल, कोषाध्यक्ष गोविन्द मित्तल, सहसचिव अमित अग्रवाल संचालक गोवर्धन दास मोर्य, निलेश अग्रवाल, देवेश अग्रवाल, भारतचन्द्र अग्रवाल, नन्दगोपाल मोदी, अजय अग्रवाल, राम मित्तल, श्री सत्यनारायण मंदिर ट्रस्ट-अध्यक्ष निलेश अग्रवाल, व्यवस्थापक विष्णु भरतिया उपाध्यक्ष रितेश गुप्ता, कोषाध्यक्ष गोविन्द मित्तल, सचिव उमेश अग्रवाल न्यासीगण दिलीप रूठिया, राजकुमार गुप्ता, गोपालदास अग्रवाल, लक्ष्मीकांत गुप्ता, कमल अग्रवाल, विजय अग्रवाल, विशाल मोदी, पवन गुप्ता अग्रवाल महिला मंडल-अध्यक्ष रूकमणी रोहिला, उपाध्यक्ष प्रेमलता रूठिया कोषाध्यक्ष संध्या मोदी, सचिव मोहिनी अग्रवाल, सह सचिव ज्योति मोदी संचालक तारामणी अग्रवाल, मालती अग्रवाल, मंजू भरतिया, हेमा अग्रवाल, उषा अग्रवाल, मीना जयपुरिया संध्या कोली, अंजू अग्रवाल, ज्योति जयपुरिया श्रीकृष्ण अग्रवाल पब्लिक ट्रस्ट-अध्यक्ष दिलीप रूठिया, कोषाध्यक्ष गोविन्द मित्तल, सचिव : विष्णुदयाल भरत्या न्यासीगण निलेश अग्रवाल, कमल अग्रवाल, कमलेश अग्रवाल, ओमप्रकाश अग्रवाल, राजकुमार गुप्ता, उमेश गुप्ता, राजेश अग्रवाल, कैलाश अग्रवाल को शामिल किया है।

### बागवान गार्डन में देर रात तक आयोजित कार्यक्रम में झूमे समाजजन

# विश्वकर्मा जयंती पर निकाली शोभायात्रा पुष्पवर्षा कर जगह-जगह हुआ स्वागत





हरिभूमि न्यूज ⏭ रेहटी

भगवान विश्वकर्मा जयंती की उपलक्ष में जगह-जगह कार्यक्रम आयोजित किए गए इसी कड़ी में प्रतिवार अनुसार इस वर्ष भी नगर रेहटी में विश्वकर्मा समाज द्वारा भगवान विश्वकर्मा की जयंती बड़े धूमधाम से मनाई गई। नगर रेहटी के बागबान गार्डन में विश्वकर्मा जयंती का कार्यक्रम आयोजित किया गया था सर्वप्रथम विश्वकर्मा समाज के लोगों द्वारा पूजन पाठ कर भगवान विश्वकर्मा जी जयंती के कार्यक्रम की शुरुआत की गई इसके बाद भव्य शोभायात्रा बागबान गार्डन से प्रारंभ हुई नगर के मुख्य मार्गों पर भव्य शोभायात्रा का लोगों द्वारा पुष्प वर्षा कर स्वागत किया गया जगह-जगह सामाजिक संगठनों द्वारा स्ल्पाहार की व्यवस्था भी की गई थी। शोभा यात्रा में भगवान विश्वकर्मा को रथ पर बिठाया गया जिसकी जगह-जगह लोगों द्वारा पूजन की गई भगवान विश्वकर्मा की जय के नारों से पूरा रेहटी गूंजता रहा। भव्य शोभा यात्रा मुख्यतः आकर्षण का केंद्र रही और नगर में पूरे दिन इसकी चर्चा चलती रही।

शोभायात्रा का समापन गार्डन में हुआ जहां पर समाज के वरिष्ठों द्वारा भगवान विश्वकर्मा के किए गए कार्यों के विषय में लोगों को बताया गया कार्यक्रम में बड़ी संख्या में सामाजिक बंधु के साथ महिलाएं एवं बच्चे उपस्थित रहे। देर रात तक सामाजिक तौर पर अन्य कार्यक्रम का आयोजन भी बागवान गार्डन पर आयोजित किया गया।

शोभायात्रा में युवा युवती बच्चे बुजुर्ग सभी लोग ढोल नगाड़ों पर नाचते गाते देखे गए। भगवान विश्वकर्मा जी जयंती का उपलक्ष में कार्यक्रम में नगर के गण्यमान्य लोग भी उपस्थित रहे।

# शासकीय कन्या महाविद्यालय में जिला स्तरीय महिला बैडमिंटन स्पर्धा संपन्न



**सीहोर।** शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर की आयोजन व्यवस्था में जिला स्तरीय महिला बैडमिंटन प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिसमें सीहोर जिले से 6 महाविद्यालय की टीमों ने भाग लिया। प्रतियोगिता से पूर्व हनुमान जी की छायाचित्र पर माल्यार्पण कर खेल का शुभारंभ किया गया। तत्पश्चात प्रभारी प्राचार्य डॉक्टर मंजरी अग्निहोत्री द्वारा अपने उद्बोधन में विभिन्न कॉलेजों से पधारे छात्राओं कोच मैनेजर को बधाई के साथ छात्राओं को खेल के प्रति अपनी रुझान परिश्रम लगन को सारा और लगातार आगे बढ़ाने के लिए प्रेरित किया।

प्रतियोगिता का पहला मैच आष्टा कॉलेज विरुद्ध जवाहर नगर कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें जावर नगर की टीम ने 2/0 से मैच जीता दूसरा मैच शासकीय महाविद्यालय भेरूंडा विरूद्ध राय साहब भंवर सिंह महाविद्यालय भेरूंडा के मध्य हुआ जिसमें राय साहब भंवर सिंह कॉलेज ने 2/1 से मैच अपने पक्ष में किया सेमीफाइनल में शास कन्या महाविद्यालय सीहोर का मैच राय साहब भवरसिंह कॉलेज के मध्य हुआ जिसमें शास कन्या महाविद्यालय की टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए विजय श्री हासिल कर फाइनल में प्रवेश किया फाइनल मैच शासकीय कन्या महाविद्यालय सीहोर विरुद्ध शासकीय महाविद्यालय जवाहर नगर के मध्य हुआ जिसमें शास कन्या महाविद्यालय की ओर से रीमा राय, प्रियंका चंद्रवंशी, तनु वर्मा ने शानदार खेल का प्रदर्शन कर खिताब अपने नाम किया।

संगठन सचिव शरवि बिरहा जानकारी दी की इन 6 महाविद्यालय से आए हुए खिलाड़ियों के मध्य खेले गए मैच, खिलाड़ियों के खेल कौशल के आधार पर चार छात्रों का चयन सीहोर जिला दल हेतु किया गया जिसमें अंशु प्रजापति पीजी कॉलेज सीहोर रीमा राय शास कन्या महाविद्यालय सीहोर पप्पी राय साहब भंवर कॉलेज भेरूंडा व निकिता शासकीय महाविद्यालय भेरूंडा का चयन हुआ है अतिरिक्त खिलाड़ियों में प्रियंका शास. कन्या महाविद्यालय सीहोर व बुलबुल शासकीय महाविद्यालय जावर नगर को रखा गया है। यह टीम दिनांक 25 सितंबर को संभाग स्तरीय प्रतियोगिता जो की शासकीय गृह विज्ञान महाविद्यालय नर्मदा पुरम में आयोजित होगी में सीहोर दल का प्रतिनिधित्व करेंगे।

## जान जोखिम में डालकर कच्चे मकान और झोपड़ियों में रहने को मजबूर

# सर्वे के नाम पर कर रहे गुमराह, पांच बार सर्वे फिर भी सूची नहीं हुई फाइनल

### प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत 50 से अधिक दलित परिवारों को नहीं मिल रहा लाभ





हरिभूमि न्यूज ▶▶ कालापीपल

प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत सरकार की उन लोगों को पक्का घर देने की कोशिश है, जो टूटे-फूटे मकान या फिर झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। सरकार की मदद से ये लोग भी अब पक्की छत वाले घरों में रह सकते हैं लेकिन कालापीपल विधानसभा के पोलायकलां नगर परिषद में दलित समुदाय के 50 से अधिक परिवार अब भी इस योजना से वंचित हैं। दलित समुदाय के ये लोग कच्चे मकान या झोपड़ी में रहने को मजबूर हैं। बारिश में झोपड़ी या कच्चे मकान से पानी टपक रहा है, छत पर बरसाती बिछाकर बचने की कोशिश कर रहे हैं। कहीं कवेलू के मकान या चद्दर बिछी हुई है, दीवार गिर रही है, ऐसे में जान जोखिम में डालकर ये अपना जीवन यापन कर रहे हैं। पोलायकलां नगर परिषद में 2016 से 2022 तक 777 लोगों को इस योजना का लाभ मिला लेकिन इस योजना के वास्तविक हकदार आज भी इस योजना से वंचित हैं। 2022 के बाद से एक भी व्यक्ति को प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ नहीं मिला। जबकि पोलायकलां में अब तक पांच बार सर्वे हो चुका है लेकिन प्रशासनिक अधिकारियों की हठधर्मिता के कारण इन गरीबों को इस योजना से वंचित किया जा रहा है। 2022 के बाद पहले सर्वे में प्रधानमंत्री आवास के लिए 607 लोगों का चयन किया गया, एसडीएम शुजालपुर ने इस सूची को सही नहीं माना और फिर से जांच कर सर्वे के आदेश दिए। दूसरी बार जांच के पश्चात 121 लोगों को इस योजना के लिए पात्र माना गया। इस सूची को भी एसडीएम ने गलत बताते हुए फिर से जांच के आदेश दिए, तीसरी बार एसडीएम के आदेश पर हुए सर्वे में 83 लोगों को चयनित किया गया। इस सूची को भी नकार दिया गया, उसके बाद चौथी बार 39 लोगों को चयनित किया गया, उसे भी एसडीएम ने गलत बता दिया,अब पांचवीं बार 54 लोगों को चयनित कर सूची भेजी गई लेकिन ये सूची भी एसडीएम के आदेश का इंतजार कर रही है।

### दलितों को बार-बार कैसे किया जा रहा योजना से वंचित



पोलायकलां के ये दलित परिवार वर्षों से अपने पैतृक मकानों में रह रहे हैं, नगरपरिषद इनको भवन प्रमाण पत्र भी जारी कर चुकी है और ये टैक्स भी भर रहे हैं। प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत बार-बार आवेदन कर रहे हैं। इनके आवेदनों को इस बात पर खारिज कर दिया कि इनके पास भूखंड की रजिस्ट्री नहीं है। दलितों से कहा गया रजिस्ट्री करवा लो, इनके द्वारा दस- बीस हजार रुपए खर्च कर रजिस्ट्री करवाई लेकिन उसके बाद भी इन्हें योजना का लाभ नहीं दिया जा रहा है। इन दलित परिवारों पर दोहरी मार पड़ गई। आवास योजना का लाभ भी नहीं मिला और रजिस्ट्री के नाम पर राशि भी खर्च हो गई।

#### योजना के पात्र हितग्राही

प्रधानमंत्री आवास योजना का लक्ष्य उन लोगों को पक्का घर मुहैया कराना था, जिनके सिर पर छत नहीं है या जो झुग्गी-झोपड़ी में जीवन जीने को मजबूर हैं, लेकिन जमीनी हकीकत कुछ और ही है। झुग्गी झोपड़ी वाले आज भी इस योजना का लाभ नहीं उठा पाएं और जो बड़े काश्तकार है, आर्थिक रूप से संपन्न है, उन्हें इस योजना का लाभ मिल चुका है।

#### इनका कहना है

मुझे कुछ ही दिन पहले प्रधानमंत्री आवास योजना की सूची जांच हेतु वरिष्ठ अधिकारी से निर्देश प्राप्त हुए थे अभी सर्वे का कार्य चल रहा है जल्द ही टीम गठित कर सर्वे किया जाएगा।

**शिल्पा सिंह** तहसीलदार पोलायकलां

हमारे द्वारा 54 हितग्राहियों की सूची भेजी गई है जो भी निर्देश मिलेगे पालन किया जायेगा

**भगवान सिंह,** भिलाला सीएमओ नगरपरिषद पोलायकलां

एसडीएम शुजालपुर के द्वारा बार बार जांच के नाम पर दबाब बनाया जा रहा है और जांच कराई जा रही है जबकि पांच बार जांच हो चुकी है लेकिन मेडम के द्वारा हठधर्मिता की जा रही है जिससे ये पात्र हितग्राही भी लाभ से वचिंत है

**विनोद मालवीय** पार्षद वार्ड नंबर 08 नगरपरिषद पोलायकलां

कलेक्टर एसडीएम नहीं चाहती की सरकार की योजनाओं का पात्र हितग्राही को भी लाभ मिले इसीलिए पांच बार सर्वे होने के बाद भी सूची को अमान्य कर दिया फिर से जांच करवाई जा रही

**घनश्याम मालवीय** पार्षद वार्ड नंबर 09 नगरपरिषद पोलायकलां

नगरी प्रशासन मंत्रालय के द्वारा स्व स्वामित्व प्रमाण को भी प्रधानमंत्री आवास में पात्र माना गया हैलेकिन सिर्फ एसडीएम और कलेक्टर अपने तानाशाही रवैया के कारण बार-बार सूची कीजांच कर रहे हैं पांच बार जांच हो चुकी है इसके बाद फिर जांच के आदेश दिए गए हैं

**नरेश दीक्षित** पार्षद वार्ड नंबर 11नगरपरिषद पोलायकलां

### पांच बार जांच कर चुके फिर भी सूची फाइनल नहीं

मध्यप्रदेश में ऐसा पहला मामला होगा जहां पांच बार तहसीलदार के द्वारा जांच करवाकर पात्र हितग्राहियों की सूची बनाई गई और हर बार उस सूची को जांच के नाम पर अमान्य कर दिया। सिस्टम की लापरवाही का खामियाजा इन गरीबों को भुगतना पड़ रहा है। कच्चे मकानों में रह रहे पोलायकलां के इन दलित परिवारों ने कलेक्टर शाजापुर को भी जनसुनवाई में दो बार आवेदन देकर प्रधानमंत्री आवास योजना का लाभ दिलाएं जाने की मांग की। ये कलेक्टर और एसडीएम पर आरोप लगा रहे हैं हमें इस योजना से वंचित करने के लिए बार-बार जांच करवाई जा रही है। हमारे पास न खेती है,न पक्के मकान। मजदूरी करके अपना जीवन यापन कर रहे हैं। इस बारिश में दो मकान गिर ग ए,इन घरों में लोग सोएं हुए थे, उनकी जान बच गई। प्रशासन क्या हमारी मौत का इंतजार कर रहा है।

---

### साहब, बरसों से पंचायत भवन का ताला ही नहीं खुला

## ग्राम पंचायत गाड़ाहेट में नहीं लगती जनसुनवाई, भवन में लगा गंदगी का अंबार



**खिलचीपुर।** शासन द्वारा ग्रामीणजनों की मूलभूत सुविधाओं की समस्या का हल गांव में ही हो सके, इस उद्देश्य को लेकर पंचायती राज लागू किया गया था, जिसमें शासन ने करोड़ों रुपए खर्च कर प्रत्येक ग्राम पंचायत में पंचायत भवन का निर्माण किया गया था। पंचायत भवन में ही बैठकर सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक द्वारा लोगों की मूलभूत सुविधाएं जैसे विधवा पेंशन, वृद्धावस्था पेंशन, जन्म प्रमाण पत्र, जाति प्रमाण पत्र, मूल निवासी प्रमाण पत्र, आवास, शौचालय, स्वच्छता आदि कई समस्याओं का गांव में ही निपटारा हो सके ओर लोगों को दफ्तर -दफ्तर चक्कर नहीं लगाने पड़े। लेकिन सरपंच, सचिव, रोजगार सहायक की घोर अनियमितता के चलते शासन की पंचायती राज योजना ढकोसला साबित हो रही है ओर ग्रामीण जन जनपद कार्यालय के चक्कर लगाने को मजबूर है।

ऐसा ही एक मामला मंगलवार को ग्रामीणों की शिकायत पर मीडिया ने जायजा लिया तो ग्रामीणों ने बताया खिलचीपुर जनपद की ग्राम पंचायत गाड़ाहेट में बरसों से पंचायत भवन में ताला लगा है। वहीं पंचायत भवन के सामने गोबर का ढेर पड़ा हुआ है ओर जनसुनवाई नहीं लगती। ऐसे में ग्रामीण अपने कामों को लेकर जनपद कार्यालय के चक्कर लगाते रहते हैं।

#### इनका कहना है...

हम गांव के चबूतरे पर बैठकर लोगों की समस्या सुन लेते हैं। पंचायत भवन के अतिक्रमण की शिकायत तहसीलदार से की है।

**शिवनारायण दांगी**, सरपंच ग्राम पंचायत गाड़ाहेट

सेक्टर प्रभारी को भेजकर जांच करवा कर कार्रवाई की जाएगी।

**गोविंद सिंह सोलंकी**, जनपद सीईओ खिलचीपुर

### मथुरा में काव्यश्री सम्मान 2025 से सम्मानित हुए कन्हैया राज



**ब्यावरा।** अखिल भारतीय कवि सम्मेलन, विभिन्न टीवी पर अपनी श्रंगारिक रचनाओं से साहित्यिक पहचान बना चुके नगर के सुप्रसिद्ध गीतकार कन्हैया राज को हिन्दी दिवस के अवसर पर खंडेलवाल सेवा सदन मथुरा में आयोजित राष्ट्रीय कवि सम्मेलन में काव्यश्री सम्मान 2025 से सम्मानित किया गया। मीडिया काउंसिल ऑफ जर्नलिस्टस उत्तरप्रदेश द्वारा आयोजित इस कवि सम्मेलन में देश के चुनिंदा कवियों ने शिरकत की। कवि शैलेश लोढ़ा के बहुचर्चित टी वी शो वाह भई वाह में भी अपनी प्रस्तुति दे चुके कवि कन्हैया राज को इससे पूर्व भी विभिन्न मंचों पर सम्मानित किया जा चुका है। मथुरा में सम्मानित किए जाने पर कवि राज को उनके इष्टमित्रों, कवियों, शुभ चिंतकों ने बधाई प्रेषित की है।

### कचनारिया का गांव का मामला, आरोपी गिरफ्तार

## तंत्र क्रिया की शंका में 70 वर्षीय बुजुर्ग की कुल्हाड़ी से हत्या की



**राजगढ़।** कचनारिया गांव निवासी एक 70 वर्षीय बुजुर्ग पर गांव के ही एक व्यक्ति ने तंत्र क्रिया की शंका में कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले में बुरी तरह लहुलुहान हुए बुजुर्ग को पहले अस्पताल पहुंचाया गया जहां से उसे जिला अस्पताल रेफर किया गया। जिला अस्पताल में इलाज के दौरान बुजुर्ग ने दम तोड़ दिया। पुलिस ने हमला करने वाले व्यक्ति को गिरफ्तार कर लिया है।

पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार कचनारिया गांव निवासी बद्रीलाल पिता भंवरलाल उम्र 70 वर्ष घर के आंगन में कुर्सी पर बैठे हुए थे। उसे समय गांव का बबलू पिता रामचरण वर्मा आया और आते ही गले पर कुल्हाड़ी से हमला कर दिया। हमले के बाद आरोपी मौके से भाग निकला। हमले में गंभीर रूप से घायल हुए बद्रीलाल को पहले पचोर अस्पताल ले जाया गया जहां से उन्हें जिला अस्पताल रेफर कर दिया गया जहां चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया।

#### आरोपी को शंका थी कि मेरे ऊपर तंत्र क्रिया करवाई

पुलिस ने बताया कि आरोपी बबलू वर्मा को किसी ने बताया था कि उसके ऊपर बद्रीलाल वर्मा ने तांत्रिक क्रिया करवाई हुई है। इसी शंका में बबलू ने बगैर किसी सोच-विचार के कुल्हाड़ी उठाई और सीधे जाकर वृद्ध बद्रीलाल पर कुल्हाड़ी से वार कर दिया। खुजनेर पुलिस ने आरोपी बबलू को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी पर पहले प्राणघातक हमला करने की धाराओं में एफआईआर दर्ज की थी। बुजुर्ग की मृत्यु उपरान्त अब हत्या का मामला दर्ज करने की कार्यवाही जारी है।

---

### बीजासन माता मंदिर पर नवरात्रि पर्व धूमधाम से मनाने के लिए बैठक हुई



**जीरापुर।** स्थानीय मेडतवाल समाज धर्मशाला में बीजासन माता मंदिर समिति की बैठक आयोजित हुई। नगर के कुम्भकार मोहल्ला स्थित प्राचीनतम धार्मिक स्थल बीजासन माता मंदिर पर शारदीय नवरात्रि पर्व हर्षोल्लास से मनाया जाने के लिए आयोजित इस बैठक में विभिन्न बिन्दुओं पर चर्चा की गई। नवरात्रि उत्सव की रुप रेखा एवं प्रतिदिन धार्मिक माहौल में आयोजन हो जिस पर विचार रखे प्रतिवर्ष की तरह बीजासन माता मंदिर पर आकर्षक साज सज्जा के साथ प्रतिदिन माता का श्रृंगार, आरती हवन अन्य धार्मिक अनुष्ठान पुजा साधना की जावेगी। बैठक में महाकाल राजा ग्रुप द्वारा विशाल चूनरी यात्रा 27सितंबर को निकाली जायेगी तथा 2 अक्टूबर को राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का पथ संचलन निकाला जावेगा जिसकी जानकारी भी दी गई।

## सिविल अस्पताल में स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

**सारंगपुर।** बुधवार को सिविल अस्पताल सारंगपुर में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल द्वारा स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ किया गया। इस अवसर पर मंत्री टेटवाल ने बताया कि यह अभियान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के 75वें जन्मदिवस के उपलक्ष्य में पूरे देशभर में संचालित किया जा रहा है।

अभियान के तहत महिलाओं की एनीमिया, शुगर, बीपी और कैंसर की जांच एवं स्क्रीनिंग की जाएगी तथा आवश्यकता अनुसार उनका उपचार भी उपलब्ध कराया जाएगा। उन्होंने कहा कि स्वस्थ नारी किसी भी परिवार का आधार होती है, इसलिए माताओं, बहनों और बेटियों के स्वास्थ्य पर विशेष ध्यान दिया जाना आवश्यक है। कार्यक्रम के शुभारंभ अवसर पर 5 महिलाओं की स्वास्थ्य संबंधी जांच कर उन्हें रिपोर्ट वितरित की गई। साथ ही लेबर रूम की नर्सिंग ऑफिसर को लक्ष्य असेसमेंट में उत्कृष्ट कार्य के लिए प्रमाणपत्र भी प्रदान किए गए। मंत्री टेटवाल ने यह भी घोषणा की कि शीघ्र ही सिविल अस्पताल सारंगपुर में डायलिसिस यूनिट एवं ट्रॉमा सेंटर की सुविधा शुरू की जाएगी, जिससे क्षेत्रवासियों को उपचार के लिए बाहर न जाना पड़े।

अस्पताल प्रभारी डॉ. मनीष चौहान ने बताया कि अभियान के अंतर्गत 25 सितम्बर को सिविल अस्पताल परिसर में विशेष स्वास्थ्य शिविर लगाया जाएगा, जिसमें जिला स्तर से विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम आकर मरीजों का उपचार करेगी। उसी दिन रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया जाएगा।शुभारंभ कार्यक्रम में रोगी कल्याण समिति सदस्य सुधीर श्रीमाल, डॉ. अंकित यादव, डॉ. तस्लीम मंसूरी, डॉ. रविन्द्र चन्द्रायद, बीपीएम जगदीश दांगी सहित अस्पताल का समस्त चिकित्सक एवं स्टाफ मौजूद रहा।



## नगर परिषद माचलपुर में स्वच्छता सेवा पखवाड़ा का शुभारंभ

**माचलपुर।** बुधवार को स्वच्छता सेवा पखवाड़ा अंतर्गत नगर के विभिन्न वार्डों में जन प्रतिनिधियों द्वारा श्रमदान किया गया व सार्वजनिक शौचालय की साफ सफाई की गई। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का लाइव प्रसारण दिखाया गया व स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस कार्यक्रम में मुख्य रूप से नगर परिषद अध्यक्ष गीताबाई मालवीय एवं समस्त पार्षद गण व मुख्य नगर पालिका अधिकारी देवेंद्र कुमार वत्स सहित नप कर्मचारी उपस्थित रहे। कार्यक्रम का संचालन इंजीनियर गोविंद सिंह के द्वारा किया गया।

### सांसद, विधायक की मौजूदगी में स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ

## दूसरों का जीवन बचाने कलेक्टर, एसपी सहित 60 लोगों ने किया रक्तदान

**राजगढ़।** स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ बुधवार को जिला अस्पताल परिसर में हुआ। अभियान का मुख्य उद्देश्य महिलाओं, माताओं और किशोरियों को बेहतर स्वास्थ्य सुविधाएं प्रदान करना है। इस दौरान आयोजित रक्तदान शिविर में कलेक्टर डॉ. गिरीश मिश्रा, पुलिस अधीक्षक अमित तोलानी सहित अन्य अधिकारियों, कर्मचारियों, प्रबुद्धजनों, समाजसेवियों सहित 60 से अधिक लोगों ने स्वैच्छिक रूप रक्तदान किया। कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद रोडमल नागर और क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव ने किया। इस अवसर पर सांसद नागर ने अपने संबोधन में जिले की सभी माताओं, बहनों और बेटियों से इस अभियान के तहत अपने स्वास्थ्य की जांच कराने का आगृह किया। उन्होंने कहा कि यह अभियान न केवल स्वास्थ्य से जुड़ा है, बल्कि इसे एक सेवा अभियान के रूप में भी मनाया जाएगा। इसके तहत प्रत्येक ग्राम पंचायत और नगर पालिका स्तर पर स्वच्छता दिवस का आयोजन होगा। इसी सोच के साथ हमें अपने वातावरण को प्रदूषण-मुक्त बनाने के लिए अधिक से अधिक पौधे लगाने होंगे और उनकी देखभाल करनी होगी ताकि वे वृक्ष बन सकें और हरियाली बढ़े।

#### अलग-अलग ब्लॉक में 15 दिनों तक चलेंगे रक्तदान शिविर

जिले में रक्तदान शिविर पूरे 15 दिनों तक चलेंगे। इसके तहत पहले दिन जिला अस्पताल में केपी पंवार मित्र मंडल के सहयोग से 60 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया है। कलेक्अर, एसपी के साथ ही सिविल सर्जन डॉ. नितिन पटेल ने भी रक्तदान किया। इस शिविर से जिला रक्तकोष में रक्त की कमी को पूरा करने में काफी सहयोग मिलेगा। रक्तदान करने वालों में महिलाओं ने भी बढ़चढ़ कर हिस्सा लिया। वहीं करनवास निवासी नीतू बढ़ोने और हरिओम बढ़ोने पति पत्नि दोनों ने मिलकर रक्तदान किया। शिविर के दौरान डीटीओ डॉ. राजीव हरिओध के आगृह जनप्रतिनिधियों ने टीबी के मरीजों के परिजनों को पोषण आहार की फूड बास्केट का वितरण भी किया।

---

## सेवा पखवाड़ा की शुरुआत, स्वस्थ नारी सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ



**नरसिंहगढ़।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस से लेकर राष्ट्रपिता महात्मा गांधी की जयंती तक चलने वाले सेवा पखवाड़ा की शुरुआत बुधवार को सिविल अस्पताल परिसर से हुई। कार्यक्रम के तहत अस्पताल परिसर में स्वच्छता अभियान चलाया गया और मरीजों को फल वितरित किए गए। इसी मौके पर स्वस्थ नारी, सशक्त परिवार अभियान का शुभारंभ भी किया गया। इस दौरान महिलाओं की निःशुल्क जांच और स्वास्थ्य परीक्षण किया गया। यह अभियान अगले 15 दिनों तक जारी रहेगा। अस्पताल में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक मोहन शर्मा ने कहा कि यदि घर की महिलाएं स्वस्थ रहेंगी तो पूरा परिवार स्वस्थ रहेगा और परिवार स्वस्थ होगा तो राष्ट्र भी सशक्त बनेगा। उन्होंने दंत चिकित्सा कक्ष का फीता काटकर उद्घाटन किया। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री मोदी का संबोधन भी टीवी स्क्रीन पर सीधा प्रसारण के माध्यम से सुना गया। इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष देवेंद्र सिंह परमार, भरत झंवर, मुन्ना साहू, मुकेश गुप्ता, सतेंद्र सिंह राठौड़, बीएमओ डॉ. गौरव त्रिपाठी सहित बड़ी संख्या में भाजपा कार्यकर्ता, अस्पताल स्टाफ और आमजन उपस्थित रहे।

### मंचीय कार्यक्रम में दोनों प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधि रहे मौजूद

# निर्माण के देवता के जन्मोत्सव पर विश्वकर्मा समाज ने निकाली शोभायात्रा



**राजगढ़।** सृष्टि के शिल्पकार कहे जाने वाले निर्माण के देवता भगवान विश्वकर्मा का जन्मोत्सव नगर सहित जिले भर में विभिन्न आयोजनों के साथ मनाया गया। इस दौरान सुतार, विश्वकर्मा समाज के तत्वावधान में प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी विश्वकर्मा जन्मोत्सव पर नगर में शोभायात्रा का आयोजन किया गया। ढोल-ढमाकों एवं डीजे की धुन पर विश्वकर्मा मंदिर से आरंभ से हुई यह शोभायात्रा नाका नंबर-3, जय स्तंभ चौक, पारायण चौक, किला क्षेत्र होते हुए पुनः मंदिर परिसर पहुंचकर समाप्त हुई।

इस दौरान कई स्थानों पर विभिन्न सामाजिक एवं धार्मिक संगठनों द्वारा शोभायात्रा में शामिल लोगों का पुष्पवर्षा इत्यादि से स्वागत, अभिनंदन किया। शोभायात्रा में शामिल युवा नाचते-गाते हुए भगवान विश्वकर्मा के जयकारे लगाते हुए साथ चल रहे थे। शोभायात्रा के मंदिर पहुंचने पर पूजन-अर्चन सहित मंचीय आयोजन हुए। कार्यक्रम के समापन उपरान्त महाप्रसादी का वितरण करवाया गया।

#### दोनों ही दलों के जनप्रतिनिधि रहे उपस्थित

मंचीय कार्यक्रम के दौरान दोनों ही प्रमुख दलों के जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। जिनमें सांसद रोड़मल नागर, जिला पंचायत अध्यक्ष चंदर सिंह सौंधिया, भाजपा जिलाध्यक्ष ज्ञानसिंह गुर्जर, कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह खिंची, क्षेत्रीय विधायक अमर सिंह यादव, पूर्व विधायक बापूसिंह तंवर, भाजपा जिला महामंत्री देवीसिंह सौंधिया, पूर्व विधायक रघुनंदन शर्मा, दीपक शर्मा सहित अन्य शामिल थे। इस दौरान अतिथियों द्वारा समाज के वरिष्ठजनों को सम्मानित किया गया। इसके साथ ही विधायक निधि से प्राप्त 5 लाख रुपए की राशि से बनने वाले सामुदायिक भवन का भी जनप्रतिनिधियों द्वारा भूमिपूजन किया गया।

## भाजपा ने प्रधानमंत्री का जन्मदिन सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत मनाया



**सारंगपुर।** भारतीय जनता पार्टी नगर मंडल सारंगपुर ने सेवा पखवाड़ा अंतर्गत प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के जन्मदिवस को स्वच्छता अभियान के रूप में मनाया। इस अवसर पर नगर के देव कुआं मंदिर परिसर में व्यापक स्वच्छता कार्यक्रम आयोजित किया गया।

कार्यक्रम में मंत्री डॉ. गौतम टेटवाल, नगर पालिका अध्यक्ष पंकज पालीवाल, मंडल अध्यक्ष महेश पुष्पद, मंडल महामंत्री कमल राठौर सहित मंडल के सभी पदाधिकारीगण एवं भाजपा के वरिष्ठ कार्यकर्ता उपस्थित रहे। वही स्वच्छता अभियान में नगर पालिका की सीएमओ ज्योति सुनहरे तथा उनके स्वच्छता विभाग के कर्मचारियों ने भी सक्रिय भागीदारी निभाई। सभी पार्षदगणों की उपस्थिति में कार्यक्रम की गरिमा को और बढ़ाया। इस मौके पर उपस्थित भाजपा कार्यकर्ताओं के साथियों ने श्रमदान कर स्वच्छता का संदेश दिया। अभियान के माध्यम से प्रधानमंत्री मोदी के स्वच्छ भारत संकल्प को सार्थक रूप से आगे बढ़ाया गया। उक्त जानकारी मंडल मीडिया प्रभारी मोहन लववंशी द्वारा दी गई।

## खबर संक्षेप

### धर्मि कुंभ कार्यक्रम आयोजित हुआ



**जावर।** मध्य प्रदेश साहित्य अकादमी संस्कृति विभाग मध्य प्रदेश शासन द्वारा आयोजित युवा रचनाधर्मी कुंभ भोपाल रविन्द्र भवन में आयोजित हुआ। जिसमें जावर तहसील से क्षेत्र के युवा कवि राहुल ठाकुर करमनखेड़ी ने जावर तहसील का प्रतिनिधित्व किया तथा श्री रामचंद्र जी पर काव्यपाठ कर वाह-वाही लूटी। विशेष कर वरिष्ठ कवि देवकृष्ण व्यास द्वारा पीठ थपथपाई गई। अंत में हमारे मुख्यमंत्री मोहन यादव के भाषण के साथ कार्यक्रम का समापन हुआ। जानकारी मीडिया प्रभारी धीरजसिंह ठाकुर ने दी।

### हर्ष और उल्लास के साथ मनाया श्री विश्वकर्मा पूजन महोत्सव



**आष्टा।** प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी आष्टा में सृष्टि के रचयिता, देव शिल्पी, भगवान श्री विश्वकर्मा जी का पूजन महोत्सव बड़े धूमधाम से मनाया गया। राधा कृष्ण मंदिर आष्टा में भक्तों की भीड़ लगी रही, सर्वप्रथम मंदिर में भगवान श्री विश्वकर्मा जी का हवन के साथ पूजन किया, फिर महा आरती की गई! इसके बाद आष्टा के विभिन्न मार्गो पर भगवान के रथ के साथ विशाल वाहन रैली निकाली। जिसमें समाज के सभी सदस्यों ने विशेषतः युवा संगठन व युवा वाहिनी कि सभी बालिकाओ का योगदान रहा। रैली बुधवारा मंदिर आष्टा से, आष्टा नगर के विभिन्न मार्गो से होती हुई जावर पहुंची। वाहन रैली का हिंदू उत्सव समिति अध्यक्ष, कालू जी भट्ट आष्टा एवं बिजेंद्र सिंह ठाकुर, भाजपा मंडल अध्यक्ष जावर, एवं कई समितियों ने स्वागत किया। धर्मशाला स्थल जावर जोड़ पर स्वागत समारोह एवं भंडारे के साथ महोत्सव का समापन हुआ! महोत्सव में समाज के अनेको वरिष्ठ लोग उपस्थिति रहे इनमें समाज अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण पटेल, पूर्व समाज अध्यक्ष मनोहर विश्वकर्मा,पिछड़ा वर्ग महापंचायत म प्र के प्रदेश मंत्री मदनलाल विश्वकर्मा जावर, उपाध्यक्ष संजय जी मालवीया, पूर्व उपाध्यक्ष रमेश जी कारपेंटर, ज से समिति अध्यक्ष विष्णु विश्वकर्मा, अध्यक्ष कृष्णपाल विश्वकर्मा, उत्सव समिति अध्यक्ष,ओमप्रकाश विश्वकर्मा, युवा अध्यक्ष संदीप विश्वकर्मा, हरिओम विश्वकर्मा आदि उपस्थिति रहे।

### नपा सीएमओ पर तीन-तीन दिनों तक नहीं मिलने के लगे आरोप, समस्याओं का नहीं हो रहा निराकरण

# नपा के हाल-बेहालः भाजपा-कांग्रेस की नसीहत, स्वयं को कलेक्टर न समझें सीएमओ, समस्याओं का करें समाधान

**शहर की सड़के खुदी पड़ी हुई है, स्वच्छता अभियान का भी उड़ रहा है मखौल , लेकिन सीएमओ का ध्यान नहीं। समय पर कार्यालय में नहीं मिलते नपा अधिकारी।**

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा







सीएमओ को नसीहत दे रहे हैं।

जिले की सबसे बड़ी नगर पालिका इन दिनों हाल बेहाल नजर आ रहा है। लगातार नगर पालिका के जिम्मेदारों पर सरकारी योजनाओं के नाम पर करोड़ों रुपए की राशि का बंदरबाट कर भ्रष्टाचार के गंभीर आरोप लग रहे हैं। तो वहीं नगर पालिका के मुख्य अधिकारी की उदासीन कार्यप्रणाली से भी नागरिक असंतुष्ट नजर आ रहे हैं। ऐसे में कांग्रेस सहित सत्ताधारी दल बीजेपी के नेता भी नगर पालिका सीएमओ विनोद प्रजापति को कोस रहे हैं। गौरतलब है की आष्टा नगरपालिका के मुख्य नगर पालिका अधिकारी विनोद प्रजापति ने 21 जून को नगर पालिका में बतौर सीएमओ पदभार संभाला था। लिहाजा ढाई माह के बाद भी सीएमओ विनोद प्रजापति से आष्टा नगर पालिका की व्यवस्था संभल नहीं पा रही है। दूसरी और दो-दो विभागों के प्रभार होने के कारण सप्ताह में कई दिन अपने दफ्तर से नदारद रहते हैं या फिर लेट लतीफ कार्यालय पहुंचते हैं। ऐसे में अंदाजा लगाया जा सकता है कि नगर पालिका के क्या हालत है। लाजमी है इसी के चलते नगर के वार्डो में साफ सफाई नहीं होने के कारण गंदगी का अंबार लगा रहता है तो वही दूसरी और शहर की सड़कों को अमृत-2 योजना के नाम पर खोद डाला गया है तो इधर आउट सोर्स कर्मचारियों को तीन - तीन माह से वेतन का भुगतान नहीं किया गया है। इन कर्मचारियों की भर्ती के नाम पर हुई गड़बड़ी से शहर में नगर पालिका की जमकर किरकिरी हो रही है। ऐसे में नागरिकों की और कर्मचारियों की समस्याओं को देखते हुए कांग्रेस-भाजपा के नेताओं ने मोर्चा संभाल लिया है और नगरपालिका सीएमओ को नसीहत दे रहे हैं।

### कांग्रेस की दो टूक -जिम्मेदारों को शर्म आना चाहिए, नागरिकों की समस्याओं का करें समाधान



लगातार कई मामलों में घिरी नगर पालिका पर कांग्रेस नेता हरपाल सिंह ठाकुर ने भी निशाना साधा है और मुख्य नगर पा लि का अधिकारी विनोद प्रजापति को सीधे लहजे में नसीहत देते हुए कहा की किस तरह आउट सोर्स कर्मचारियों को रिश्वत लेकर लगाया है। उसके बाद भी 6- 6 माह से उनको वेतन नहीं दिया गया है। जिम्मेदारों को शर्म आना चाहिए और जांच कर एफआइआर करना चाहिए। रामपुरा डेम से लंबे समय से पानी आने वाला था। लेकिन अब तक पाइप लाइन न आना कई सवालों को खड़ा करता है। वही पाइप लाइन बिछाने के नाम पर पूरे शहर की सड़कों को खोद दिया गया है। जबकि पहले से ही पाइप लाइन बिछी हुई थी। पूरे शहर की सड़को को खोद दिया गया है और एक भी निर्माण कार्य सही तरीके से नहीं किया गया है जिससे इन्होंने भ्रष्टाचार की सीमा तोड़ दी है लेकिन नगर पालिका के सबसे बड़े जिम्मेदार अधिकारी होने के नाते नगर पालिका सीएमओ का कोई ध्यान नहीं है। दो विभागों का चार्ज होने के कारण सीहोर कलेक्ट्रेट में बैठे सीएमओ स्वयं को कलेक्टर न समझे और अपनी जवाबदारी को निभाये और जमीन पर काम कर शहर के नागरिकों की समस्याओं का समाधान करें।



### 3-3 दिनों तक नहीं मिलते, सीएमओ को आष्टा की चिंता नहीं, ऊपर करेंगे शिकायत-भाजपा

वार्ड 17 के पार्षद पति और मंडल अध्यक्ष प्रतिनिधि भाजपा नेता विशाल चौरसिया ने सीएमओ पर गंभीर आरोप लगाते हुए कहा की आउट सोर्स कर्मचारियों से 50 हजार रिश्वत का मामला सामने आया है तो वही अमृत 2 योजना में भी 8 इंच की जगह 4 इंच की पाइप लाइन खोद दी गई है। जो भ्रष्टाचार की श्रेणी में आता है। ऐसी स्थिति में सीएमओ को कई बार अवगत कराया। लेकिन नए सीएमओ कलेक्ट्रेट में पदस्थ होकर आए हैं। ऐसे में वो अपने आप को कलेक्टर की श्रेणी में मान रहे हैं। जो शहर के नागरिकों को सीएमओ के हिसाब से ट्रीट नहीं कर रहे हैं। इन्हें आष्टा शहर की भी चिंता नहीं है। ये अपने आपको कलेक्टर से भी बड़ा मान रहे हैं। वही सीएमओ कई दिन आष्टा नहीं आते हैं। कई बार तो 12 -1 बजे तक ऑफिस नहीं आते हैं और इनके नहीं होने की उपस्थिति में नीचे के जो कर्मचारी हैं वो सब लापरवाह हो जाते हैं। नगर पालिका का हाल बेहाल हो जाता है। कोई सुनने वाला नहीं रहता। ऐसे में शहर के नागरिक परेशान होते हैं वही में भी तीन दिनों से नागरिकों की समस्याओं के लिए मिलना चाह रहा हु लेकिन सीएमओ से मुलाकात नहीं हो पाई है इस की शिकायत जिलाध्यक्ष से लेकर विधायक को भी करेंगे और कार्यवाही की मांग करेंगे। इस मामले पर सीएमओ विनोद प्रजापति को मोबाइल के माध्यम से लगाकर उनका पक्ष सुनना चाहा तो उन्होंने फोन नहीं उठाया।



## नगर के प्राचीन तालाब का अस्तित्व खतरे मेंः पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष वैद्य

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर




नगर की धरोहर 23 एकड़ का प्राचीन तालाब का अस्तित्व पर खतरा मंडरा रहा है जावर का तालाब इस वक्त लबालब भर चुका है परंतु पाल टूटने की वजह से सैकड़ो के लैंड पानी लगातार दिन-रात बह रहा है जब यह बात नगर परिषद जावर के पूर्व अध्यक्ष शैलेश कुमार वैद्य को पता चली तो वहां मौके पर पहुंच गए एवं वहां जाकर देखा तो लगातार सैकड़ो गैलन पानी दिन-रात बह रहा है हमने तालाब को अतिक्रमण मुक्त इसलिए नहीं करवाया था कि इस तरह से तालाब का दुरुपयोग हो जाए पूर्व नगर परिषद अध्यक्ष जावर शैलेश कुमार वैद ने सीहोर जिले के जिलाधीश बालागुरु के,एसडीएम नितिन टाले, तहसीलदार ओम प्रकाश चोरमा, मुख्य नगर पालिका अधिकारी जावर हरीश सोनी सहित जावर नगर के जिम्मेदार पार्षदों तथा जावर नगर की जनता से अपील की है कि यह हम सब की जिम्मेदारी है कि हम जावर नगर की धरोहर को बचा कर रखें पूरे क्षेत्र में 23 एकड़ का तालाब कहीं पर भी नहीं है आज तालाब की पाल टूटने से तालाब का पानी तो समाप्त हो ही रहा है तालाब का अस्तित्व समाप्त हो रहा है साथ ही बोरिंग में बढ़ाने वाले जल स्तर को भी नुकसान हो रहा है जिसका फायदा गर्मियों में जावर नगर की जनता तथा किसान उठाते हैं परंतु इस तरह से पानी वेस्ट होना बहुत ही चिंता का विषय है पूर्व नपा अध्यक्ष वैद्य ने मुख्य नगर पालिका अधिकारी को तत्काल इस संबंध में ठोस कार्यवाही करने के लिए आग्रह किया है एवं कहा है कि जल्द से जल्द मिट्टी एवं मोरम से पाल की मरम्मत की जाए तो रोजाना वेस्ट हो रहा सैकड़ो गैलन पानी जावर नगर की जनता के काम आएगा।

## सेंधव राजपूत क्षत्रिय समाज नेमावर में स्थित धर्मशाला की कार्यकारणी का हुआ गठन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा





सेंधव राजपूत समाज धर्मशाला नेमावर में साधारण सभा का आयोजन किया। जिसमें निर्णय लेकर श्री राम मंदिर धर्मशाला केंद्रीय कमेटी उज्जैन व सामाजिक बंधुओं की सहमती से समाज के राष्ट्रीय अध्यक्ष धर्मेन्द्र सिंह चौहान इस्माईल खेड़ी के द्वारा नेमावर धर्मशाला की कार्यकारणी का गठन किया। जिसमें रविन्द्र सिंह भाटी को अध्यक्ष पद पर और चेतन सिंह ठाकुर सेमली बारी को सचिव के पद पर नियुक्त किया। साथ ही अनार सिंह भाटी पिपलिया को कार्यकारी अध्यक्ष और इंदर सिंह कोलारी को निर्माण समिति अध्यक्ष और रविन्द्र सिंह, राजा सिंह कोलारी, गोपाल सिंह, पप्पू सिंह हरनगांव को उपाध्यक्ष पद पर नियुक्त किया। श्री राम मंदिर धर्मशाला केंद्रीय कमेटी उज्जैन के सभी सदस्य और पदाधिकारी गण सचिव कृपाल सिंह अगेरा, उपाध्यक्ष अमरसिंह सिंह, राजेन्द्र सिंह मुरावर, बबलू सिंह मकवाना, जितेन्द्र सिंह राणा, राहुल सिंह विजयगढ़ मुरम्मिया, पवन पटेल गुराडिया, डॉक्टर राजेंद्र सिंह भूतिया खुर्द, चंद्र सिंह ठाकुर गाव खेड़ा, डॉक्टर गीतम सिंह ठाकुर आदि पदाधिकारी गण और समाजजन उपस्थित रहे।

## स्वास्थ्य केंद्र में लगाया रक्तदान शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ जावर



प्रधानमंत्री के द्वारा शुरु किया गया अभियान जो कि 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक मनाया जा रहा है जिसमे स्वस्थ्य नारी शशक्त परिवार अभियान के अंतर्गत मात्र शक्तियों का स्वास्थ्य परीक्षण किया गया एवं सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर में महा रक्तदान शिविर का आयोजन भी किया गया, उक्त कार्यक्रम का शुभारम्भ सांसद महेन्द्र सिंह सोलंकी, भाजपा जिला अध्यक्ष नरेश मेवाड़ा एवं क्षेत्रीय विधायक गोपाल सिंह इंजीनियर के द्वारा किया गया। उक्त कार्यक्रम में जावर मंडल अध्यक्ष विजेंद्र सिंह ठाकुर, बाबूलाल पटेल,नगर परिषद अध्यक्ष मंजू वैद्य, अध्यक्ष प्रतिनिधि मनोज वैद्य, दयारम परिहार, राजेंद्र केशव, राजा ठाकुर, वीरेंद्र ठाकुर, शिवम् सोनी, हेमन्त गोयल, कृष्णपाल ठाकुर, शुभम ठाकुर, धर्मेंद्र ठाकुर एवं रोगी कल्याण समिति सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र जावर के समस्त सदस्य उपस्थित रहे। उक्त गरिमामय कार्यक्रम मुख्य खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. अमित माथुर एवं जावर अस्पताल प्रभारी डॉ. दीपराज बागरी के नेत्रत्व में संपन्न किया गया। इस शिविर में कुल 113 लोगो के द्वारा बढ़ चढ़ के रक्तदान किया एवं 75 महिलाओं कि जांच कि गई। सांसद द्वारा रक्तदान करने वाले लोगो को प्रमाण पत्र वितरित कर पुष्प हार द्वारा स्वागत किया गया।

## प्रधानमंत्री पूरे देश के साथ विश्व के प्रेरणा स्त्रोत हैंः गोपाल सिंह

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के 75 में जन्म दिवस पर नगर मंडल द्वारा सेवा पखवाड़े के तहत सिविल अस्पताल में रक्तदान शिविर, स्वास्थ नारी-सशक्त परिवार अभियान कार्यक्रम आयोजित किया। विधायक गोपालसिंह इंजीनियर ने दोनों कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर उपस्थित भाजपा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं, जनप्रतिनिधियों, स्वास्थ्य विभाग से जुड़े समस्त अधिकारी कर्मचारीयो व सभी रक्तदान दाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि सबका साथ,सबका विकास,सबका विश्वास के मूल मंत्र को एवं पंडित दिनदयाल जी उपाध्याय,डॉ श्यामाप्रसाद जी मुखर्जी के हर उस सपने को पूरा करने में 2014 से बीना थके,बिना रुके,बिना कोई छुट्टी लिये दिन रात भारत को आत्मनिर्भर ,विकसित राष्ट्र एवं पुनः सोने की चिड़यिा के साथ भारत को विश्व गुरु बनाने में 140 करोड़ देशवासियों की ताकत के साथ लगे हुए है । विधायक ने कहा की प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जिनका जन्मदिन है हर वर्ष उनका जन्मदिन पूरे देश मे सेवा पखवाड़े के रूप में मनाया जाता है। उनके जन्मदिन पर हम सब कार्यकर्ता विधानसभा क्षेत्र की ओर से बधाई देते हुए परमपिता परमेश्वर से यही कामना करते हैं कि वे दीर्घायु हो, स्वस्थ रहें, और इसी तरह से सबका साथ सबका विकास और सबके विश्वास के तहत भारत को ऊंचाइयों तक ले जाये और एक बार पुनः भारत को विश्व गुरु बनाने की ओर लगातार व अग्रसर रहे। आयोजित कार्यक्रमों में सेवा पखवाड़ा अभियान के जिला संयोजक धारासिंह पटेल,जिला मीडिया प्राभारी सुशील संचेती, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि सोनू गुणवान, उपाध्यक्ष गजराजसिंह मेवाडा,पूर्व मार्केटिंग अध्यक्ष कृपालसिंह ठाकुर, विधायक प्रतिनिधि रोगी कल्याण समिति उत्थान धारवा, नगर मंडल अध्यक्ष अंजनी विशाल चौरसिया, भुरू खाँ, धनरुपमल जैन, पूर्व नगर अध्यक्ष अतुल शर्मा, कैलाश बगाना, हरेन्द्र ठाकुर, बंटू सोनी, भगवत मेवाडा, महेन्द्र ठाकुर, पार्षद रवि शर्मा, डॉ सलीम, तारा कटारिया, अंजनी चौरसिया, सुरेश परमार, मनोहर बैरागी, रॉबर्ट, अनिमेष सोनी, शुभम सोनी, धर्मेंद्र परिहार, सलीम ठेकेदार, महिला मोर्चे की नीलिमा बैरागी, निर्मला कुशवाह, चंदनबाला वोहरा, नंदा सोनी, रिंकू महेश्वरी, अनिता ठाकुर सहित भाजपा के कार्यकर्ता उपस्तिथ रहे।

### शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय में हिंदी सप्ताह पर हुई प्रतियोगिताएं

## विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में श्लोकों का किया वाचन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



शहीद भगतसिंह शासकीय महाविद्यालय आष्टा के भारतीय ज्ञान परंपरा प्रकोष्ठ के नेतृत्व में हिंदी विभाग द्वारा हिंदी दिवस के उपलक्ष्य में हिंदी 14 सितम्बर से 20 सितंबर तक सप्ताह मनाया जा रहा है जिसके अंतर्गत विभिन्न गतिविधियां आयोजित कीया जा रहा है। इनमें गुरुवार को विशेष तौर पर श्लोगन व प्रश्नमंच प्रतियोगिता का आयोजन किया गया।श्लोगन प्रतियोगिता में विद्यार्थियों ने हिंदी भाषा में प्रेरणादायक श्लोकों का वाचन किया। विद्यार्थियों के लिए भारतीय ज्ञान परंपरा से संबंधित प्रश्नमंच प्रतियोगिता भी आयोजित की गई। जिसमें जल, थल, नभ, अग्नि व वायु पांच टीमों ने भाग लिया। इन टीमों से रामायण,महाभारत आदि से संबंधित प्रश्न पूछे गये। प्रश्नमंच में प्रथम स्थान जल टीम की सदस्य काजल, कामिनी, निशा, किरण ने प्राप्त किया। द्वितीय स्थान पर थल टीम की अंजली, करिश्मा, रवीना, अमीषा तथा तृतीय स्थान अग्नि टीम की अवनी अभिलाषा,अंजू,खुशी ने प्राप्त किया इस मौके पर निबंध लेखन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया गया। सभी गतिविधियों को प्रभावशाली बनाने में हिंदी विभाग अध्यक्ष सुरेंद्र यादव, जगदीश नागले का महत्वपूर्ण योगदान रहा।

## संत रामभूषण का रसिक शिरोमणि संत प्रेमानंद महाराज का हुआ मिलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ आष्टा



आज के समय में जब युवा वर्ग नशे और बुरी आदतों की ओर आकर्षित होता जा रहा है, ऐसे में संत-महात्माओं के उपदेश ही उनके जीवन को सही दिशा प्रदान कर रहे हैं। इसी कड़ी में संत रामभूषण जी ने पूज्य श्री प्रेमानंद जी महाराज से स्नेहपूर्ण भेंट की और युवाओं की ओर से आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि श्री प्रेमानंद जी महाराज के सत्संग और उपदेशों से अनेक युवाओं ने नशे जैसी विनाशकारी आदतों से मुक्ति पाई है और सकारात्मक जीवन की ओर अग्रसर हुए हैं।इस अवसर पर श्री प्रेमानंद जी महाराज ने युवाओं को आगे का मार्गदर्शन देते हुए कहा कि “नाम जप ही वह शक्ति है जो मनुष्य को आंतरिक बल प्रदान करता है। जब हृदय में प्रभु का नाम गूंजता है तो मन स्वतः ही बुरी लतों और आदतों से दूर हो जाता है कुछ समय संतों के सत्संग को रोज सुनना चाहिए महाराज जी ने बताया कि नाम स्मरण से आत्मा शुद्ध होती है और जीवन में अनुशासन, संयम एवं शांति का संचार होता है। उन्होंने युवाओं से आह्वान किया कि वे नियमित रूप से नाम जप को अपनाएँ, यही उन्हें व्यसनमुक्त और सफल जीवन की ओर ले जाएगा।संत रामभूषण जी ने पुनः युवाओं की ओर से महाराज जी को धन्यवाद देते हुए कहा कि समाज में ऐसे संतों के आशीर्वचन ही युवाओं को नई ऊर्जा और दिशा प्रदान कर रहे हैं।